Title: Need to promote export of sugar-Laid.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Item No.15. Matters under Rule 377 listed for the day may please be treated as laid on the Table of the House.

...(*Interruptions*)

12.05 ½ hrs.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : चीनी का स्टाक बहुत ज्यादा हो गया है, जिसके कारण गेहूं की तरह यह भी खराब हो जायेगा और करोड़ों रूपये की चीनी का नुकसान भारत सरकार को उठाना पड़ेगा। इस संबंध में मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि सरकार को सब्सीडी देकर इसका निर्यात तुरंत करना चाहिये, जिससे एक ओर तो विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होगी और किसानों को उन्हें गन्ने का उत्पादन करने का प्रोत्साहन मिलेगा और चीनी की बंद मिलों को खोलने में सहायता मिलेगी जैसा कि पूरा देश जानता है कि देश में चीनी की बहुत सी मिलें बंद हो चुकी हैं, जिसके कारण लाखों लोग परेशान हैं चाहे वे किसान हो, मिल मजदूर हो या मालिक हो।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि चीनी का निर्यात सब्सीडी देकर तुरंत किया जाये।

*Treated as laid on the Table of the House.